# वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,देहरादून

(उत्तराखण्ड सरकार द्वारा अधिनियम 415/2005 द्वारा स्थापित पूर्ववर्ती उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय)

**VEER MADHO SINGH BHANDARI UTTARAKHAND TECHNICAL UNIVERSITY, DEHRADUN**

(Formerly Uttakhand Technical University Established By Act no. 415/2005 by Uttarakhand Gvoenment)

Chakrata Road P.O. Chandanwadi, Premnagar suddholwal, Dehradun, Uttarakhand (India)

Tel. No. 0135-2774067 Website: www.uktech.ac.in


पत्रांकः141/VMSBUTU/2026 दिनाँकः 22,.जुलाई,2026

सेवा में,

निदेशक/प्राचार्य,

1. BAIS, Bhimtal (05)
2. Tulas Institutute, Ddn (12)
3. BTKIT, Dwarahat (18)
4. RIT, Roorkee (24)
5. Shivalik College of Engg. Ddn(41)
6. JBIT, Ddn (53)
7. Maya Institute, Ddn (71)
8. BFIT, Ddn (84)
9. THDCIET, Tehri (97)
10. NPSI, Pithoragarh (119)
11. WIT, Ddn (123)
12. IT Gopeshwar (134)

**विषयः–** **परीक्षा से पूर्व सुचिता भंग होने के कारण सत्र–2025–26 के विषय कोड–IOTT004 एवं ECT043 की परीक्षाओं को निरस्त करने तथा पुनः परीक्षा (Re-Examination) के आयोजन के संबंध में आवश्यक अधिसूचना।**

महोदय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में समस्त सम्बद्ध संस्थान के निदेशकों/प्राचार्यो एवं छात्र–छात्राओं को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय की सम सेमेस्टर–2025–26 की परीक्षा सम्पन्न हुई। परीक्षाओं के अन्तर्गत विषय Mechine Learning for Internet of Things (Subject Code-IOTT004) की परीक्षा के संबंध में विश्वविद्यालय को एक शिकायत प्राप्त हुई। उक्त शिकायत का संज्ञान लेते हुए मा0 कुलपति महोदया के आदेशानुसार विश्वविद्यालय द्वारा एक उच्च स्तरीय जांच समिति (University Enquiry Committee) का गठन किया गया था, तथा संबंधित संस्थान (शिवालिक कालेज ऑफ इंजी0, देहरादून) द्वारा भी अपने स्तर से आंतरिक जांच निष्पादित की गयी थी।

दोनों जांच समिति की विस्तृत रिपोर्ट एवं अनुसंशाओं के आधार पर यह पाया गया कि उक्त विषय के बाहय प्रश्न–पत्र निर्माता (External Paper Setter) श्री आशीष कुमार गुप्ता, सहायक प्रोफेसर, शिवालिक कालेज ऑफ इंजी0, देहरादून द्वारा परीक्षा से पूर्व छात्रों के आन्तरिक पोर्टल/व्हाट्सएप पर समान प्रश्नों को साक्षा किया गया था, जो कि परीक्षा प्रणाली की अत्यत गोपनीय प्रकृति, सुचिता एवं अकादमिक मानदंडों का गम्भीर उल्लघंन है। इसके अतिरिक्त गहन जांच में यह भी प्रकाश में आया कि उक्त शिक्षक द्वारा ही तैयार किये गये एक अन्य विषय Electromagnetic Field Theory (Subject Code-ECT043) के प्रश्न–पत्र में भी इसी प्रकार की विसंगति एवं गोपनीयता भंग होने की पूर्ण आशंका है।

अतः परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता, शुचिता एवं छात्रहित को सर्वोपरि रखते हुए, मा0 कुलपति महोदया द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग करते हुए उनके अनुमोदनोपरान्त विषय कोड– IOTT004 (Mechine Learning for Internet of Things) एवं विषय कोड–ECT043 (Electromagnetic Field Theory) की पूर्व में आयोजित परीक्षाओं को तत्काल प्रभाव से निरस्त (Cancel) किया जाता है।

उक्त दोनों विषयों की निरस्त की गयी परीक्षाओं का पुनरावलोकन करते हुए पुनः परीक्षा (Re-Examination) का आयोजन अगस्त, 2026 के तृतीय सप्ताह (3rd Week of August, 2026) में किया जाना सुनिश्चित हुआ है। परीक्षा की विस्तृत समय–सारणी (Date Sheet) एवं परीक्षा केन्द्रों की सूची विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर पृथक से जारी कर दी जायेगी।

अतः अनुरोध है कि उक्त महत्वपूर्ण निर्णय से अपने संस्थान के संबंधित समस्त छात्र–छात्राओं को तत्काल रूप से अवगत कराने का कष्ट करें, ताकि वे नियत समयावधि में पुनः परीक्षा हेतु अपनी तैयारी पूर्ण कर सकें।

साथ ही संबंधित संस्थान के निदेशक/प्राचार्य को इस निर्देश के साथ कि संबंधित विषयों के छात्रों को अपने स्तर से सूचित करते हुए छात्रहित हेतु अपने संस्थान के वेबवाइट में तुरन्त अपलोड करना सुनिश्चित करें।

परीक्षा प्रणाली की शुचिता एवं गोपनीयता को भंग करने, विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा को धूमिल करने के दृष्टिगत बाहय प्रश्नपत्र निर्माता श्री आशीष कुमार गुप्ता सहायक प्रोफेसर, शिवालिक कालेज ऑफ इंजी0, देहरादून को विश्वविद्यालय के समस्त परीक्षा संबंधी कार्यो से आगामी सात वर्ष के लिये तत्काल प्रभाव से प्रतिबन्धित किया जाता है। सम्बद्ध संस्थान शिवालिक कालेज ऑफ इंजी0, देहरादून को संस्थान के स्तर पर समुचित निगरानी व नियंत्रण न रखने के कारण अत्यन्त कड़े शब्दों में चेतावनी दी जाती है कि भविष्य में इस प्रकार की किसी भी तरह की पुनरावृत्ति न होने पाये, इस हेतु संस्थान के समस्त शिक्षक परीक्षा प्रणाली की गोपनीयता एवं शुचिता बनाये रखने हेतु कटिबद्धता बरतें।

इस अपरिहार्य और दुर्भाग्य पूर्ण परिस्थिति के कारण निर्देश व प्रभावित छात्र–छात्राओं को होने वाली मानसिक एवं अकादमिक असुविधा के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन अत्यन्त खेद व्यक्त करता है। विश्वविद्यालय अपने समस्त विद्यार्थियों के पारदर्शी भविष्य व निष्पक्ष परीक्षा प्रणाली की मर्यादा बनाए रखने के लिये सदैव पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

भवदीय,

(डॉ0 वी0के0 पटेल)
परीक्षा नियंत्रक

**संख्या व दिनांक तदैवः–**

1. निजी सचिव, महामहिम श्री राज्यपाल महोदय को महामहिम राज्यपाल महोदय के सादर संज्ञानार्थ प्रेषित।
2. निजी सचिव, मा0 कुलपति वी0मा0सिं0भ0, यू0टी0यू0 को मा0 कुलपति महोदय के सादर संज्ञानार्थ प्रेषित।
3. निजी सचिव, सचिव, उत्तराखण्ड शासन को सचिव महोदय के सादर संज्ञानार्थ प्रेषित।
4. कुलसचिव, वी0मा0सिं0भ0, यू0टी0यू0 देहरादून को सूचनार्थ।
5. वेबमास्टर, वी0मा0सिं0भ0, यू0टी0यू0 देहरादून को इस निर्देश के साथ कि संबंधित संस्थानों प्रेषित करने हेतु।
6. यू0एम0एस0 को आवश्यक कार्यावाही हेतु प्रेषित।

(डॉ0 वी0के0 पटेल)
परीक्षा नियंत्रक